डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ

के वित्त समिति की दिनाँकः 04.09.2024 को सम्पन्न हुई

31वीं बैठक का कार्यवृत्त

समय – अपराह्नः 04:00 बजे
स्थान – पंचम तल स्थित सभागार डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

विश्वविद्यालय के वित्त समिति की 31वीं बैठक विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में विभिन्न एंजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–

एजेण्डा बिन्दु सं0	कार्यवाही
1/31	दिनांक 19.12.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की 'तीसवीं बैठक' के कार्यवृत्त की पुष्टि।
	निर्णयः–वित्त समिति द्वारा 30वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।
2/31	दिनांक 19.12.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की 'तीसवीं बैठक' में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।
	एजेण्डा बिन्दु–2/30 – वित्त समिति को अवगत कराया गया कि दिनांक 19.12.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की 30वीं बैठक के एजेण्डा बिन्दु संख्या–2/30 के बिन्दु संख्या–5/29(3) पर प्रस्तुत प्रस्ताव के क्रम में भेषज संस्थान तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय में गैर–शैक्षिक पदों हेतु लैब में कार्यरत् लैब असिस्टेंट (प्रयोगशाला सहायक) के लिए मानदेय में वृद्धि–प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया था। उसमें संशोधन करते हुए प्रयोगशाला सहायक के स्थान पर प्रयोगशाला सहायक/अनुदेशक/डिमान्सट्रेटर के मानदेय में वृद्धि किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। निर्णयः– वित्त समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपरोक्त का संज्ञान लेते हुए भेषज संस्थान तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय में गैर–शैक्षिक पदों पर लैब में कार्यरत् प्रयोगशाला सहायक/अनुदेशक/डिमान्सट्रेटर को मानदेय धनराशि रू0 25000.00 दिए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। उपर्युक्तानुसार दिनांक 19.12.2023 को सम्पन्न वित्त समिति की 'तीसवीं बैठक' के अन्य बिन्दुओं हेतु लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से अवगत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया।

(Shrinivas Tripathi)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University

3/31	**वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 के पुनरीक्षित अनुमान अनुमोदनार्थ।**
	1. वित्त समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में समिति द्वारा गैर–वेतन, निजी स्रोतों तथा कृत्रिम अंग एवं पुर्नवास केन्द्र के संचालन के अन्तर्गत तैयार किए गए व्यय अनुमान की कतिपय मदों आवंटित धनराशि से अधिक व्यय किए गए हैं जिसके फलस्वरूप गैर–वेतन, निजी स्रोतों तथा कृत्रिम अंग एवं पुर्नवास केन्द्र के संचालन के अन्तर्गत तैयार किए गए व्यय अनुमान की कतिपय मदों को पुनरीक्षित किए जाने की आवश्यकता है। 2. समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु वेतन मद में **2951.12 लाख**, गैर वेतन मद में **1200 लाख** तथा कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के संचालन के लिए धनराशि रू0 **300 लाख** अर्थात गैर वेतन मद में कुल धनराशि रू0 **1500.00 लाख** का प्रावधान किया गया है, किन्तु विश्वविद्यालय के कतिपय महत्वपूर्ण कार्यों यथा–विश्वविद्यालय परिसर में वाई–फाई की स्थापना, विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों में विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरों की स्थापना, विश्वविद्यालय के समस्त भवनों के अनुरक्षण तथा स्मार्ट क्लास रूम हेतु अनुमानित धनराशि रू0 **1200.00 लाख** की मांग की जानी है। इसी के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए गैर–वेतन मद में कुल धनराशि रू0 2700.00 लाख (रू0 1500 लाख + 1200 लाख) का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
	निर्णयः–वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2023–24 के वास्तविक व्यय तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु वेतन मद में धनराशि रू0 2951.12 लाख तथा गैर–वेतन मद में धनराशि रू0 2700.00 लाख के व्यय अनुमान पर अनुमोदन प्रदान करते हुए उपरोक्त कार्यों हेतु अनुपूरक बजट की मांग का प्रस्ताव उ0प्र0 शासन को प्रेषित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।
4/31	**वित्तीय वर्ष 2022–23 के तुलनपत्र एवं उसकी अंकेक्षण रिपोर्ट पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**
	निर्णयः– (क) वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के तुलनपत्र एवं उसकी अंकेक्षण रिपोर्ट पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रयागराज, उ0प्र0 द्वारा पूर्व में विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2009–10 से 2019–20 तक के लिए किए गए लेखा–परीक्षण/अंकेक्षणोपरान्त प्रश्नगत आपत्तियों/ऑडिट पैरा का उत्तर विलम्बतम 15 अक्टूबर, 2024 तक अनिवार्य रूप प्रेषित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। (ख) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय में लेखा–परीक्षण/अंकेक्षण संबंधी ऑडिट पैरा के ससमय निस्तारण के संबंध में विश्वविद्यालय में "स्टैण्डिंग ऑडिट कमेटी" का गठन किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।
5/31	**वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु व्यय अनुमान पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**
	निर्णयः–वित्त समिति द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु व्यय अनुमान का अवलोकन किया गया। उपर्युक्त के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु वेतन मद में कुल प्रस्तावित धनराशि रू0 **6112.54 लाख**, विश्वविद्यालय के नैत्यिक कार्यों हेतु गैर

(Shrinivas Tripathi)
Finance Officer
Dr. Shakuntala Misra National
Rehabilitation University

	वेतन तथा कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु रू0 5436.00 लाख, निजी स्रोतों से किए जाने वाले व्ययों हेतु धनराशि रू 2441.00 लाख, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों हेतु धनराशि रू0 1520.00 लाख तथा पूंजीगत परिव्यय के लिए वृहद निर्माण कार्य हेतु धनराशि रू0 1000.00 लाख के व्यय अनुमान पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
6/31	**विश्वविद्यालय मे प्रशासकीय कार्य के सम्पादन हेतु 01 इनोवा क्रिस्टा, 01 बोलेरो एवं 01 सियाज वाहन क्रय किये जाने पर विचार।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2009 में 03 एम्बेसडर कार एवं 01 बोलेरो वाहन का क्रय किया गया जिसमें से चारो वाहन अर्थात 03 एम्बेसडर कार एवं 01 बोलेरो कार निष्प्रयोज्य है। उक्त 04 वाहनों के निष्प्रयोज्य होने के फलस्वरूप क्रमशः 02 एम्बेसडर कार की नीलामी हो चुकी है एवं 01 बोलेरो निष्प्रयोज्य होने के कारण नीलामी की प्रक्रिया प्रस्तावित है।01 एम्बेसडर कार को विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान की विद्यार्थियों के प्रायोगिक कार्यों (अध्ययन) हेतु हस्तगत क़राया गया है। संज्ञानित कराना है कि विश्वविद्यालय में शासकीय कार्यों के सम्पादन हेतु विश्वविद्यालय के अधिकारियों यथा–कुलपति, वित्त अधिकारी, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक को वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों के प्रयोगार्थ एवं विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न समारोहों, सेमिनारों, वर्कशॉप इत्यादि में प्रतिभाग करने वाले गणमान्य अतिथियों के आवागमन हेतु 01 आधुनिकतम माडल की इनोवा, 01 सियाज़ एवं 01 बोलेरो कुल 03 वाहन क्रय किया जाना नितान्त आवश्यक है जिस पर धनराशि रू0 48 लाख का व्यय सम्भावित है। **निर्णयः–** वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव के सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में वाहन की आवश्यकता के दृष्टिगत उपरोक्तानुसार 03 एम्बेसडर कार एवं 01 बोलेरो अर्थात कुल 04 वाहनों के निष्प्रयोज्य होने की स्थिति में उन वाहनों के प्रतिस्थापन में 01 आधुनिकतम माडल की इनोवा, 01 सियाज़ एवं 01 बोलेरो कुल 03 वाहन क्रय किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।
7/30	**शैक्षणिक सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अर्न्तगत संचालित विभागों में नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु शुल्क के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**
	समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अर्न्तगत संचालित विभागों में अध्ययन मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु शुल्क का निर्धारण करते हुये प्रस्ताव वित्त समिति के विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किए गए हैं। **निर्णयः–** वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव के सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के अर्न्तगत संचालित विभागों में अध्ययन मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु निम्नानुसार पाठ्यक्रमवार शुल्क संरचना के निर्धारण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

(अनिमा त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

Fee Structure of Certificate Course in Automobile Insurance (CCAI)

Department	Economics
Course Duration	3 Month
Course Type	Diploma
No of Seats	60

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Quarterly
4	Tuition Fee	1500	0	Quarterly
5	Library Fee	250	250	Quarterly
6	Computer Fee	200	200	Quarterly
7	Caution Money	500	500	Only on admission time
	Total Amount	**4200**	**2700**	

Fee Structure of Indian Classical Vocal Music Certificate Course

Department	Music
Course Duration	1 Year
Course Type	Diploma
No of Seats	60

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	500	500	Yearly
4	Tuition Fee	5000	0	Yearly
5	Library Fee	250	250	Yearly
6	Computer Fee	200	200	Yearly
7	Caution Money	500	500	Only on admission time
	Total Amount	**7200**	**2200**	

Fee Structure of Certificate Course in Communicative English (CCCE)

Department	English
Course Duration	1 Year
Course Type	Diploma
No of Seats	60

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Yearly
4	Tuition Fee	2000	0	Yearly
5	Library Fee	250	250	Yearly
6	Computer Fee	200	200	Yearly
7	Caution Money	500	500	Only on admission time
	Total Amount	**4700**	**2700**	

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

Fee Structure of Certificate Course in Tally and Accounting (CCTA)

Faculty	Commerce
Course Duration	6 Month
Course Type	Degree
No of Seats	20

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Only on admission time
4	Library Fee	250	250	Only on admission time
5	Computer Fee	200	200	Only on admission time
6	Caution Money	500	500	Only on admission time
7	Tuition Fee	5000	0	Only on admission time
	Total Amount	**7700**	**2700**	

Fee Structure of Certificate Course in Indian Knowledge System (CCIKS)

Faculty	Commerce
Course Duration	6 Month
Course Type	Degree
No of Seats	20

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Only on admission time
4	Library Fee	250	250	Only on admission time
5	Computer Fee	200	200	Only on admission time
6	Caution Money	500	500	Only on admission time
7	Tuition Fee	5000	0	Only on admission time
	Total Amount	**7700**	**2700**	

Fee Structure of Diploma in Indian Capital Market

(First Semester)

Faculty	Commerce
Course Duration	1 Year
Course Type	Diploma
No of Seats	20

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Semester
4	Tuition Fee	5000	0	Semester
5	Library Fee	250	250	Semester
6	Computer Fee	200	200	Only on admission time
7	Caution Money	500	500	Semester
	Total Amount	**7700**	**2700**	

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

Fee Structure of Diploma in Indian Capital Market (Second Semester)

Faculty	Commerce
Course Duration	1 Year
Course Type	Diploma
No of Seats	20

Sl.No.	Details	Gen/OBC/ SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Exam Fee	1000	1000	Only on admission time
2	Tuition Fee	5000	0	Only on admission time
3	Library Fee	250	250	Yearly
4	Computer Fee	200	200	Yearly
	Total Amount	**6450**	**1450**	

Fee Structure of PGDIPM

Faculty	Management
Course Duration	1 Year
Course Type	Diploma
No of Seats	30

Sl.No.	Details	Semester I		
		Gen/OBC/SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	250	250	Only on admission time
2	Admission Fee	500	500	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Per Semester
4	Tuition Fee	15000	0	Per Semester
5	Library Fee	250	250	Per Semester
6	Computer Fee	200	200	Per Semester
7	Caution Money	500	500	Only on admission time
	Total Amount	**17700**	**2700**	

Fee Structure of PGDIPM

Faculty	Management
Course Duration	1 Year
Course Type	Diploma
No of Seats	30

Sl.No.	Details	Semester II		
		Gen/OBC/SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)	Semester/Yearly
1	Registration Fee	0	0	Only on admission time
2	Admission Fee	0	0	Only on admission time
3	Exam Fee	1000	1000	Per Semester
4	Tuition Fee	15000	0	Per Semester
5	Library Fee	250	250	Per Semester
6	Computer Fee	200	200	Per Semester
	Total Amount	**16450**	**1450**	

8/31 विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय के प्रयोगार्थ 01 मोबाइल क्रय किये जाने एवं कुलपति महोदय के आवास स्थित कैम्प कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्षों के कार्यालयीय कार्यों हेतु आकस्मिक निधि (इम्प्रेस्ट मनी) की व्यवस्था के सम्बन्ध में।

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

1– समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासकीय कार्यों के सुगम संचालन हेतु मा0 कुलपति महोदय से विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/छात्रावासों के चीफ प्रावोस्ट, विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण से परस्पर समन्वय एवं सम्पर्क स्थापित किए जाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय स्तर से उपलब्ध कराये गए सी0यू0जी0 सिम के प्रयोगार्थ विश्वविद्यालय स्तर से 01 अदद् उच्च स्तरीय सुरक्षात्मक स्पेसिफिकेशन युक्त स्मार्ट आधुनिकतम मोबाइल फोन का क्रय किए जाने हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया है।

निर्णयः– वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

2 (अ) –समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय के आवास स्थिति कैम्प कार्यालय में समय–समय पर कार्यालय संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन के दृष्टिगत आकस्मिक निधि के रूप में आवश्यक धनराशि रू0 15000.00 की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

2 (ब)–समिति को अवगत कराया गया कि मा0 कुलपति कार्यालय में आवश्यक कार्यों/प्रस्तावित बैठकों में प्रतिभाग करने वाले सदस्यगण, मा0 कुलपति से भेंट वार्ता हेतु आने वाले आगन्तुकों के आतिथ्य व्यय इत्यादि के लिए धनराशि रू0 15000.00 का प्रावधान है, जिसमें वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है।

3–विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता शैक्षणिक/कुलानुशासक/अधिष्ठाता विभागाध्यक्ष, कुलसचिव कार्यालय, वित्त अधिकारी कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय तथा उप कुलसचिव कार्यालय के कार्यालयीय कार्यों हेतु आकस्मिक निधि एवं आतिथ्य व्यय के निर्धारण हेतु प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

निर्णय :– बिन्दु संख्या 02 एवं 03 पर सम्यक् विमर्शोपरान्त वित्त समिति द्वारा कुलपति कार्यालय एवं आवास स्थित कैम्प कार्यालय, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता–शैक्षणिक/कुलानुशासक/अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अन्य गतिविधियों के प्रोफेसर इंचार्ज, कुलसचिव कार्यालय, वित्त अधिकारी कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, तथा उप कुलसचिव कार्यालय के कार्यालयीय कार्यों हेतु आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय पर निम्न तालिकानुसार धनराशि निर्धारण पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निदेर्शित किया गया कि यदि शिक्षक/अधिकारी (आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय अनुमन्यता के आधार पर) द्वारा एक से अधिक पद धारित हैं तो ऐसी स्थिति में एक पद के लिए ही आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय की धनराशि अनुमन्य होगी।

क्र0 सं0	कार्यालय/पदनाम	प्रतिमाह निर्धारित धनराशि	अभ्युक्ति
1	विश्वविद्यालय स्थित कुलपति कार्यालय हेतु	20000.00	आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय
2	आवास स्थित कुलपति कैम्प कार्यालय हेतु	15000.00	
3	वित्त अधिकारी कार्यालय हेतु	15000.00	
4	कुलसचिव कार्यालय हेतु	15000.00	
5	अधिष्ठाता शैक्षणिक/कुलानुशासक/अधिष्ठाता/निदेशक, रिसर्च एवं डेवलपमेंट सेल/परीक्षा नियंत्रक/उप कुलसचिव कार्यालय हेतु	7500.00	
6	समस्त विभागाध्यक्षगण/ अन्य गतिविधियों के प्रोफेसर इंचार्ज	5000.00	

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

9/31	**विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस हेतु ऑटोकट जेनरेटर एवं वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में समय–समय पर विभिन्न गोष्ठियों/सेमिनारों एवं व्याख्यानो हेतु विषय विशेषज्ञों को तथा दीक्षान्त समारोह में आमंत्रित अतिथियों को प्रवास इत्यादि की व्यवस्था विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में करायी जाती है। गेस्ट हाउस में विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अतिथियों/विषय विशेषज्ञों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ ही आगामी माहों में होने वाली नियुक्तियों के दृष्टिगत विषय विषेशज्ञों के प्रवास की व्यवस्था विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में करायी जानी है। उक्त गेस्ट हाउस में निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने हेतु गेस्ट हाउस में ऑटोकट जनरेटर स्थापित किया जाना नितान्त आवश्यक है। इसके साथ ही उक्त गेस्ट हाउस में इंटरनेट की व्यवस्था उपलब्ध न होने के दृष्टिगत वाई–फाई इंटरनेट कनेक्टिविटी स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। **निर्णयः–** वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की गयी।
10/31	**विश्वविद्यालय मे नियुक्त कोच के मानदेय भुगतान के सम्बन्ध में।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में समय–समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। साथ ही विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता भी की जाती है। क्रीड़ा विकास के सम्बन्ध में भावी योजना एवं उसके क्रियान्वन हेतु विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक समिति की बैठक दिनांक 24.08.23 को आहूत हुई, जिसके बिन्दु सं0–07 के अनुसार मा0 कार्यपरिषद में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में खेल समन्वयक समिति की दिनांक 14.11.22 की बैठक में प्रस्तावित अधिकतम धनराशि रू0 25000.00 प्रतिमाह अनुमन्य कराये जाने की व्यवस्था है। तद्क्रम में विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न खेलों के 06 प्रशिक्षकों को मानदेय धनराशि रू0 25000.00 का भुगतान किया जा रहा है, जिस पर वित्त समिति से अनुमोदन प्रार्थित है। **निर्णयः–** वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों को मानदेय धनराशि रू0 25000.00 का भुगतान किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।
11/30	**केन्द्रीय पुस्तकालय हेतु जर्नल्स, पुस्तकें एवं अन्य मदों में किये जाने वाले व्ययों पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में स्थापित स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रति वर्ष प्रत्येक विषय से संबंधित पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं/जर्नल्स की संख्या में वृद्धि करने, स्वामी विवेकानन्द जी वाग्डमय केन्द्र की स्थापना, केन्द्रीय पुस्तकालय को सुविधायुक्त एवं अवरोधमुक्त बनाने, केन्द्रीय पुस्तकालय के ऑटोमेशन एवं स्वाचालित उपकरण KIOKS डिस्प्ले स्थापित करने, स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रथम तल पर स्थित अध्ययन कक्ष को 'वाचनालय' में परिवर्तित करते हुए संत शिरोमणि श्री गुरु गोरखनाथ 'वाचनालय' स्थापना एवं पुस्तक क्रय करने, स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

पुस्तकालय में होने वाले समारोह, आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, आगंतुकों और अतिथियों हेतु व्यय, MOOC's Studio, Automated-Book return & Sorting Machine क्रय के दृष्टिगत 2024–25 में संभावित अनुमानित व्यय हेतु धनराशि रू0 569.12 लाख़ का बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः–वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्शोपरान्त स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय हेतु प्रथम चरण में निम्नानुसार निर्णय/निर्देश प्रदान किए गएः–

क) विश्वविद्यालय में संचालित 33 विभागों की लगभग 29 हजार पुस्तक क्रय के संबंध में प्रथम चरण में प्रति विभाग 25 प्रतिशत पुस्तके क्रय हेतु वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

ख) विश्वविद्यालय में संचालित 33 विभागों हेतु लगभग 600 शोध पत्रिकाओं/जर्नल्स क्रय के संबंध में 100 प्रतिशत शोध पत्रिकाओं/जर्नल्स के क्रय हेतु वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

ग) स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय को दिव्यांगजन के उपयोगार्थ उनकी सुविधानुसार एवं अवरोधमुक्त बनाए जाने हेतु निम्नानुसार मदवार प्रस्तावित किया गया हैः–

क्र. सं.	मद	अनुमानित मदों की संख्या	अनुमानित व्यय (रू0 में)
1	दृष्टिबाधित विद्यार्थियों हेतु स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के बाह्य एवं आन्तरिक भाग में पुस्तकालय की संरचना से सम्बन्धित धातु निर्मित शीट से बना हुआ एक–एक ब्रेल आधारित मैप लगाया जाना।	2	25000.00
2	दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित विद्यार्थियों की पहुँच को सुलभ बनाने हेतु केन्द्रीय पुस्तकालय के मुख्य प्रवेश द्वार से आवश्यकतानुसार स्थान–स्थान पर संकेतक लगाये जाना।	12	70000.00
3	केन्द्रीय पुस्तकालय की सुविधाओं को अवरोध मुक्त पहुँच हेतु दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अधिगम अक्षम एवं प्रमष्तिष्कीय पक्षाघात विद्यार्थियों के उपयोगार्थ संकेत चिन्ह/साइनेज उपकरण स्थापित कराये जाने हेतु। (Public Address System सहित)	Visual Impairment	300000.00
		Hearing Impaired	100000.00
		Locomotor Disabled	200000.00
		Cerebral Palsy	100000.00
कुल योग			**795000.00**

वित्त समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपर्युक्त प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया गया।

घ) स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय से संबंधित सुविधाओं को स्वचालित उपकरण के माध्यम से पहुँच के लिए 04 KIOSK डिस्प्ले स्थापित कराए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

12/31 **नगर निगम भवन सम्पत्ति कर (गृहकर) भुगतान के सम्बन्ध में।**

वित्त समिति को अवगत कराया गया कि नगर निगम, लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय भवन संख्या/परिसर–599एम0आर0/एस0वी0–004 पर वित्तीय वर्ष 2024–25 का गृहकर रू0 29001620.59 बकाया धनराशि रू0 53121301.39 तथा ब्याज रू0 6374556.17 अर्थात कुल धनराशि रू0 88497479.00 (आठ करोड़ चौरासी लाख सत्तानवे हजार चार सौ उन्यासी

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

रूपये) का भुगतान जमा किया जाना है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 तक की अवधि हेतु कुल बकाया सामान्य गृहकर रू0 103342442.00 की आधी धनराशि रू0 51671221.00 का भुगतान मा0 कुलपति महोदय से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त आर0टी0जी0एस0 के माध्यम नगर निगम, लखनऊ को किया जा चुका है।

तद्क्रम में वित्तीय वर्ष 2024–25 में धनराशि रू0 85597317.00 (आठ करोड़ पचपन लाख सत्तानवे हजार तीन सौ सत्रह रूपये) के गृहकर भुगतान हेतु वित्त समिति द्वारा निर्णय/अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय :– वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त वित्तीय वर्ष 2024–25 में विश्वविद्यालय के गृहकर भुगतान धनराशि रू0 85597317.00 (आठ करोड़ पचपन लाख सत्तानवे हजार तीन सौ सत्रह रूपये) पर अनुमोदन प्रदान किया गया है।

13/31 राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार/कॉन्फ्रेन्स/वर्कशाप में प्रतिभाग करने हेतु नीति निर्धारण के सम्बन्ध में।

निर्णयः– वित्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले प्रत्येक सेमिनार/कान्फ्रेंस/वर्कशॉप/सिम्पोज़ियम के आयोजन हेतु निम्न तालिकानुसार धनराशि का आवंटन हेतु निर्णय लिया गयाः–

S.No	Particulars	Amount	Remark
1	Seed Money for Organizing National Conference/ Seminar/ Symposium/ Workshop	Upto Rs 50000.00	Per event on loan basis
2	Seed Money for Organizing International Conference/ Seminar/ Symposium/ Workshop	Upto Rs 200000.00	Per event on loan basis
3	For Attending the International Conference/ Seminar/ Symposium/ Workshop	Upto Rs 100000.00	For one person in four years (including travel, registration, accommodation etc.)
4	For Attending National Conference/ Seminar/ Symposium/ Workshop	Upto Rs 20000.00	For one person in two years (including travel, registration, accommodation etc.)

14/31 मीडिया के कार्य हेतु सामग्री उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाता है। उक्त कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करने के लिए मीडिया कार्य हेतु विभिन्न सामग्रियों/उपकरणों की आवश्यकता है।

निर्णयः– वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए मीडिया के कार्य संचालन हेतु निम्नानुसार निर्णय प्रदान किया गयाः–

क) मीडिया कार्य हेतु 01 अदद डिजिटल कैमरा क्रय पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

ख) न्यूज़ पेपर सब्सक्रिप्शन के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए कि स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के माध्यम से प्राप्त किए जाएं।

ग) आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय बजट के संबंध में धनराशि रू0 5000/–प्रतिमाह प्रदान किए जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया, किन्तु यदि शिक्षक/अधिकारी (आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय अनुमन्यता के आधार पर) द्वारा एक से अधिक पद धारित है तो ऐसी स्थिति में एक पद हेतु ही आकस्मिक एवं आतिथ्य व्यय बजट अनुमन्य होगा।

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय

15/31	**विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में लैब की स्थापना के सम्बन्ध में।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2024–25 में स्नातक स्तरीय 03 नवीन पाठ्यक्रम यथा–बी0एस0सी0 भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी या कम्प्यूटर साइंस का संचालन किया जा रहा है। उपरोक्त पाठयक्रमों के संचालन हेतु नवीन प्रयोगशाला स्थापित किया जाना आवश्यक है। साथ ही समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु Material Science Research Lab की स्थापना भी प्रस्तावित है। **निर्णयः–** वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु स्नातक स्तरीय नवीन बी0एस0सी0 पाठ्यक्रमों हेतु नवीन प्रयोगशाला की स्थापना हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा कम्प्यूटर साइंस के प्रयोगशाला उपकरण क्रय किए जाने तथा Material Science Research Lab की स्थापना का अनुमोदन प्रदान किया गया। उपर्युक्तानुसार प्रयोगशालाओं की स्थापना से संबंधित व्यय को चरणबद्ध तरीके से धन की उपलब्धता के आधार पर किये जाने हेतु निर्णय लिया गया।
16/31	**विश्वविद्यालय के बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम हेतु Acoustically Treated Rooms, Purchase of Tools and Equipment for establishment of Audiology and Speech Language pathology Lab, Establishment Of hearing Aid and Earmold Lab and purchase of journals के सम्बन्ध में।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024–25 से बी.ए.एस.एल.पी पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है। उक्त पाठ्यक्रम हेतु Acoustically Treated Room की स्थापना, आडियोलोजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज सहायक पैथोलोजी लैब संबंधी उपकरणो का क्रय, हियरिग एण्ड इयरमोल्ड लैब एवं पाठ्यक्रम के प्रयोगार्थ जर्नल्स एवं पुस्तकों का क्रय किए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। **निर्णयः–** वित्त समिति द्वारा उपर्युक्त प्रस्ताव पर विचार–विमर्शोपरान्त निम्नानुसार निर्देश/निर्णय प्रदान किये गये :– क) प्रथम चरण में बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम हेतु 01 Acoustically Treated Room (10x18 size)स्थापित कराने के लिए आने वाले वास्तविक व्यय पर अनुमोदन प्रदान किया गया। ख) शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम हेतु ऑडियोलॉजी एण्ड स्पीच लैंग्वेज पैथालॉजी लैब स्थापना के अन्तर्गत उक्त पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में लैब से संबंधित उपकरणो के क्रय पर अनुमोदन प्रदान किया गया। ग) बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम हेतु Hearing Aid and Earmold Lab की स्थापना हेतु वित्त समिति द्वारा सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान करते हुए धनराशि रू0 दस लाख अथवा वास्तविक व्यय जो भी न्यून हो, का प्रावधान किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी। घ) बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम से संबंधित जर्नल्स के क्रय के संबंध में वित्त समिति द्वारा निर्देश प्रदान किए गए कि स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न विभागों हेतु क्रय किए जाने वाले जर्नल्स में बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम के जर्नल्स को सम्मिलित करते हुए क्रय किए जाने की कार्यवाही की जाए।
17/31	**स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम भेषज विज्ञान से संबंधित प्रस्ताव।**
	वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में भेषज विज्ञान संस्थान के अन्तर्गत स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत बी.फार्मा एवं डी.फार्मा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में भेषज विज्ञान के पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों से शुल्क के

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

रूप में धनराशि रू0 162.26 लाख की अनुमानित आय होने की संभावना है। विद्यार्थियों से शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली अनुमानित आय से पाठ्यक्रम में कुशल संचालन हेतु विभिन्न मदों में किये जाने वाले संभावित व्ययों का विवरण प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

निर्णयः– वित्त समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त भेषज विज्ञान संस्थान के अन्तर्गत संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम बी.फार्मा एवं डी.फार्मा हेतु प्रस्तुत विभिन्न मदों में किये जाने वाले संभावित व्ययों के निम्नलिखित विवरण प्रस्ताव का अवलोकन किया गया।

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र.सं	मद का नाम	व्यय धनराशि	कुल धनराशि
1	नयी प्रयोगशाला की स्थापना पर व्यय	10.00 (प्रतिप्रयोगशाला)	120.00
2	पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय	10.00	10.00
3	केमिकल्स एवं प्रयोगशाला सम्बन्धी सामग्रियों का क्रय	3.00	3.00
4	ग्लासवेयर्स	7.00	7.00
5	प्रयोगशाला उपकरण एवं मशीन्स	25.00	25.00
6	साफ्टवेयर्स	0.30	0.30
		कुल योग	165.30

उपर्युक्तानुसार भेषज विज्ञान संस्थान के अन्तर्गत स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों हेतु प्रस्तावित विभिन्न मदों में संभावित कुल व्यय 165.30 लाख अथवा वास्तविक व्यय जो भी न्यूनतम हो, पर वित्त समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

18/31 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।**

बिन्दु संख्या–1) वित्त समिति द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित शोध कार्यक्रमों हेतु निर्धारित शुल्क के संबंध में।

वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में संचालित पूर्णकालिक शोध कार्यक्रम हेतु गैर–विज्ञान तथा गैर–प्रौद्योगिकी शोध कार्यक्रमों तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शोध कार्य, पार्ट टाइम शोध कार्यक्रम, प्रायोजित शोध कार्यक्रमों हेतु शुल्क निर्धारण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। वित्त समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया।

निर्णयः– वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त पूर्णकालिक शोध कार्यक्रमों में एक समान शुल्क संरचना रखने, पार्ट टाइम शोध कार्यक्रम एवं प्रायोजित शोध कार्यक्रमों हेतु शुल्क निर्धारण पर अनुमोदन प्रदान किया गया जो निम्नवत् हैः–

Full Time Ph.D. Programme

S. No.	Details	GEN/OBC/SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)
1	Fee per Annum	Rs. 16000/-	Rs. 8000/-
2	Late Fee	Rs.500/ shall be charged for the first 10 days after the due date notified by the University. Beyond 10 days to 30 days- Rs. 1,000/ (30 USD for foreign candidates) will be charged and fee can be submitted on the recommendation of supervisor (if allotted) and HoD. After expiry of one month, the registration of the candidate will be cancelled automatically.	
3	Game Fee (per Annum)	Rs. 200/-	Rs. 200/-
4	Retention Fee (per Annum)	Rs. 16000/- (The same fee prescribed for Ph.D. Programme)	Rs. 8000/- (The same fee prescribed for Ph.D. Programme)
5	Re- registration Fee	Rs. 8000/- (At the time of re-registration)	Rs. 4000/- (At the time of re-registration)
6	Evaluation Fee	Rs. 10000/- At the time of submission of Thesis	Rs. 10000/- At the time of submission of Thesis

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

Part Time Ph.D. Programme

S. No.	Details	GEN/OBC/SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)
1	Fee per Annum	Rs. 32000/-	Rs. 32000/-
2	Late Fee	Rs.500/ shall be charged for the first 10 days after the due date notified by the University. Beyond 10 days to 30 days- Rs. 1,000/ (30 USD for foreign candidates) will be charged and fee can be submitted on the recommendation of supervisor (if allotted) and HoD. After expiry of one month, the registration of the candidate will be cancelled automatically.	
3	Re- registration Fee	Rs. 10000/- (At the time of re-registration)	Rs. 10000/- (At the time of re-registration)
4	Evaluation Fee	Rs. 10000/- At the time of submission of Thesis	Rs. 10000/- At the time of submission of Thesis

Sponsored Full – Time Ph.D. Programme

S. No.	Details	GEN/OBC/SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)
1	Fee per Annum	Rs. 90000/-	Rs. 90000/-
2	Late Fee	Rs.500/ shall be charged for the first 10 days after the due date notified by the University. Beyond 10 days to 30 days- Rs. 1,000/ (30 USD for foreign candidates) will be charged and fee can be submitted on the recommendation of supervisor (if allotted) and HoD. After expiry of one month, the registration of the candidate will be cancelled automatically.	
3	Game Fee(per Annum)	Rs. 200/-	Rs. 200/-
4	Retention Fee (per Annum)	Rs. 90000/- (The same fee prescribed for Ph.D. Programme)	Rs. 90000/- (The same fee prescribed for Ph.D. Programme)
5	Re- registration Fee	Rs. 10000/- (At the time of re-registration)	Rs. 9000/- (At the time of re-registration)
6	Evaluation Fee	Rs. 10000/- At the time of submission of Thesis	Rs. 10000/- At the time of submission of Thesis

बिन्दु संख्या–2) विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के बी–टेक पाठ्यक्रम के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग हेतु AIDS & AIFM दो पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित फीस को मा0 वित्त समिति में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने एवं संस्थान में संचालित समस्त विभागों की प्रयोगशाला सम्बन्धित वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के संबंध में।

वित्त समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के बी–टेक पाठ्यक्रम के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग हेतु AIDS & AIFM दो पाठ्यक्रमों हेतु शुल्क निर्धारण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रस्ताव AKTU, Lucknow के शुल्क से न्यून है।

निर्णयः –

क) वित्त समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव के सम्यक् विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के बी–टेक पाठ्यक्रम के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग हेतु AIDS & AIFM दो पाठ्यक्रमों हेतु शुल्क निर्धारण पर अनुमोदन प्रदान किया गया जो निम्नवत् हैः–

S.No	Detail	GEN/OBC/SC/ST (Rs.)	Disabled (Rs.)
1	Admission Fee	1000.00	1000.00
2	Exam Fee	3000.00	3000.00
3	Tution Fee	37500.00	00
4	Library Fee	2000.00	2000.00
5	Devolpment Fee	1500.00	1500.00
6	Caution Money	6000.00	6000.00
7	Insurance Fee	105.00	105.00
8	SWF	100.00	100.00
9	Games Fee	100.00	100.00
	Total	**51305.00**	**13805.00**

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय
पुनर्वास विश्वविद्यालय

ख) वित्त समिति द्वारा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय की विभिन्न विभागों की निम्नानुसार 05 लैब स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया–

क्र0सं0	विभाग का नाम	प्रयोगशाला की संख्या	प्रयोगशाला बनाये जाने एवं विकसित किये जाने हेतु अनुमानित धनराशि
01	एप्लाइड सांइस एण्ड ह्यूमिनिटीज विभाग	03	रू0 5000000/–
02	कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग	04 लैब हेतु 240 कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर	रू0 20000000/–
03	इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्प्यूनिकेशन विभाग	06 लैब हेतु 15 कम्प्यूटर 02 सर्वर	रू0 6500000/–
04	सिविल इंजीनियरिंग विभाग	07	रू0 4500000/–
05	मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग	13	रू0 7000000/–
06	इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग	07	रू0 5000000/–

अन्त में वित्त समिति के समस्त सदस्यों हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वित्त समिति की बैठक समाप्त हुई।

(श्रीनिवास त्रिपाठी)
वित्त अधिकारी